**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 607**
**बुधवार, 03 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## मौसम विज्ञान, भूकंपीय और जलवायु निगरानी प्रणाली को मजबूत करना

**607. श्री कंवर सिंह तंवर:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार आपदा तैयारी और मौसम पूर्वानुमान में सुधार लाने के लिए उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में मौसम विज्ञान, भूकंपीय और जलवायु निगरानी प्रणाली को मजबूत करने का है;

(ख) यदि हाँ, तो उस ज़िले में बनाए गए निगरानी स्टेशनों, प्रयोग की गई प्रौद्योगिकी और प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क)-(ख) जी हाँ। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय आपदा से बचाव हेतु तैयारी को मजबूत करने और मौसम पूर्वानुमान में सुधार करने के लिए उत्तर प्रदेश के अमरोहा ज़िले समेत पूरे भारत में मौसम विज्ञान, भूकंपीय और जलवायु -निगरानी संबंधी विभिन्न प्रणालियों को लगातार अपग्रेड और मज़बूत कर रहा है।

इस समय जिले में कुल 24 वर्षा प्रेक्षण स्टेशन प्रचालनरत है। जिनमें से 19 स्टेशनों पर तापमान और आर्द्रता सेंसर लगे हैं और पांच पर विंड सेंसर लगे हैं। अभी देश भर में 169 भूकंपीय स्टेशन प्रचालनरत है, जिनमें से 15 उत्तर प्रदेश में हैं। इनमें से चार वेधशाला ठाकुरद्वारा, ऊंचागांव, हापुड़ और मेरठ, अमरोहा के आस-पास स्थित है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

*****